


ग्रेटर नोएडा में प्रदर्शनी में बोलते इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ● इन्वेस्ट यूपी

# यूपी बना औद्योगिक निवेश की पहली पसंद : शशांक

**राज्य, जागरण●लखनऊ :** ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में पीएचडीसीआइ की तरफ से औद्योगिक सुरक्षा पर आयोजित सम्मेलन व प्रदर्शनी में इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने कहा कि उप्र औद्योगिक निवेश को लेकर निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। राज्य सरकार औद्योगिक निवेश को बढ़ाने के साथ-साथ औद्योगिक सुरक्षा पर भी ध्यान दे रही है। 10 जुलाई से शुरू हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब एक्सप्रेसवे प्रदेश और एशिया के सबसे बड़े जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और रैपिड रेल के कारण जाना जाता है। अब तक प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाओं को भूमि आवंटित हो चुकी है।